रोल नं0 ........................................

112

मुद्रित पृष्ठों की संख्या :

412 (1 GH )

2024

# अर्थशास्त्र

# Ecomomics

समय : 3 धण्टे ] [ पूर्णांक : 80

Time : 3 Hours ] [ Max.Marks: 80

I. इस प्रश्न पत्र में दो खण्ड 'अ' तथा 'ब' हैं। दोनों खण्डों के सभी 28 प्रश्न अनिवार्य हैं।

II. प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

III. प्रत्येक प्रश्न को ध्यान पूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिये।

IV. प्रश्न संख्या 01 तथा 15 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए है। सही विकल्प अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 02 से 04 तथा 16 से 18 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

V. प्रश्न संख्या 05 से 08 तथा 19 से 22 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।

VI. प्रश्न संख्या 09 से 11 तथा 23 से 25 तक का उत्तर 70 शब्दों में दीजिए।

VII. प्रश्न संख्या 12 से 14 तथा 26 से 27 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 120 शब्दों में दीजिए।

VIII. इस प्रश्न पत्र में प्रश्न संख्या – 28 केस स्टडी पर आधारित है। इसे ध्यानपूर्वक पढ़कर पॉचों प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

## खण्ड – 'अ' (Section - A)

1. (क) सर्वप्रथम 'माइक्रो' शब्द का प्रयोग करने वाले अर्थशास्त्री कौन हैं ? 1

(i) मार्शल (ii) बोल्डिंग (iii) कीन्स (iv) रैगनर फ्रिश

(ख) जब कुल उपयोगिता अधिकत्तम होती है, तब सीमान्त उपयोगिता – 1

(i) धनात्मक होती है (ii) ऋृणात्मक होती है

(iii) शून्य होती है (iv) उपर्युक्त सभी सत्य है

(ग) उत्पादन के साधन क्या है ? 1

(i) भूमि (ii) श्रम (iii) पूंजी (iv) तीनों

(घ) बाजार की निम्नलिखित में कौन–सी विशेषताऍं हैं ? 1

Downloaded from cclchapter.com

(i) एक क्षेत्र (ii) क्रेताओं और विक्रेताओं की उपस्थिति

(iii) वस्तु का एक मूल्य (iv) उपर्युक्त सभी

(ड.) निम्नलिखित कथनों की विवेचना करें – 1

कथन – 1 : पूर्ण प्रतियोगिता काल्पनिक स्थिति है।

2 : बाजार स्थिति के अध्ययन में पूर्ण प्रतियोगिता का महत्व है।

(i) दोनों कथन सही हैं। (ii) दोनों कथन गलत हैं।

(iii) कथन 1 सही है, परन्तु कथन 2 असत्य हैं (iv) कथन 1 असत्य है, परन्तु कथन 2 सत्य हैं।

2. बजट रेखा का समीकरण लिखिए । 1

3. 'गिफिन वस्तु' से आप क्या समझते हैं ? 1

4. उत्पादन फलन की परिभाषा दीजिये। 1

5. व्यष्टि अर्थशास्त्र की दो विशेषताएं बताइए। 2

6. सीमान्त उत्पादन की परिभाषा दीजिये। 2

7. अवसर लागत की अवधारणा स्पष्ट कीजिए। 2

8. एकाधिकार की परिभाषा दीजिए। 2

9. सीमान्त उपयोगिता एवं कुल उपयोगिता को रेखा चित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए। 3

10. एक वस्तु की कीमत 10 रु0 प्रति इकाई से बढ़कर 12 रु0 हो जाती है। परिणाम स्वरुप मॉग 120 इकाई से घटकर 100 इकाई रह जाती है। मॉग की कीमत लोच की गणना कीजिए। 3

अथवा

उपभोक्ता की आय वृद्धि किस प्रकार वस्तु की मॉग को प्रभावित करती है ? स्पष्ट कीजिए।

11. पूर्ति का नियम क्या है ? इसे उदाहरण एवं रेखाचित्र द्वारा समझाइए। 3

12. मॉग की कीमत लोच की परिभाषा दीजिए। तथा मॉग की लोच की श्रेणियों को रेखाचित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए।
5

13. परिवर्तन शील अनुपात के नियम की तीनों अवस्थाओं की व्याख्या कीजिए।
5

14. पूर्ण प्रतियोगिता से आप क्या समझते हैं ? पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत एक फर्म के अल्पकालीन सन्तुलन की शर्तों की व्याख्या कीजिए। 5

## खण्ड – 'ब' (Section - B)

Downloaded from cclchapter.com

15. (क) समष्टि अर्थशास्त्र के अध्ययन का विषय है – 1

(i) राष्ट्रीय आय का सिद्धान्त (ii) उपभोक्ता का सिद्धान्त

(iii) उत्पादक का सिद्धान्त (iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) वर्तमान में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर हैं – 1

(i) डॉ0 मनमोहन सिंह (ii) डॉ0 उर्जित आर0 पटेल

(iii) डॉ0 एस0 के0 दास (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) MPC + MPS = ? 1

(i) $\alpha$ (ii) 0

(iii) 1 (iv) 2

(घ) भुगतान शेष के अन्तर्गत निम्नलिखित में कौन सी मदें सम्मिलित की जाती हैं। 1

(i) दृश्य मदें (ii) अदृश्य मदें

(iii) पूॅजी अन्तरण (iv) इनमें से सभी

(ङ) निम्नलिखित कथनों की विवेचना करें। 1

कथन – 1. बजट एक वित्तीय वर्ष मे सरकार की अनुमानित आय तथा व्यय का लेखा–जोखा होता है।

2. विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए बचत का बजट सर्वोत्तम बजट है।

इन कथनों में :

a. दोनों कथन सही हैं। तथा कथन– 2, कथन– 1 की सही व्याख्या है।

b. दोनों कथन सही हैं। परन्तु कथन– 2, कथन– 1 की सही व्याख्या नहीं है।

c. कथन– 1 सत्य है, परन्तु कथन– 2 असत्य है।

d. कथन– 1 असत्य है, परन्तु कथन– 2 सत्य है।

16. साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद ($NNP_{FC}$) को क्या कहा जाता है ? 1

17. प्रभाव पूर्ण मॉग से क्या आशय है ? 1

18. सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC) को परिभाषित कीजिए। 1

19. भारत के वर्तमान वित मन्त्री एवं वित सचिव के नाम लिखिए। 2

20. मुद्रा के प्राथमिक कार्य लिखिए। 2

21. प्राथमिक जमा एवं व्युत्पन्न जमा में क्या सम्बन्ध है ? 2

22. उपभोग फलन को स्पष्ट कीजिए । 2

23. प्रत्यक्ष निवेश तथा पोर्टफोलियो निवेश में अन्तर बताइए । 3

24. अर्थव्यवस्था के प्राथमिक, द्वितीयक तथा तृतीयक क्षेत्रों के अर्थ बताइए। 3

25. एक व्यापारिक बैंकों के कार्यों का वर्णन कीजिए। 3

26. भुगतान शेष तथा व्यापार शेष में अन्तर बताइए। 5

Downloaded from cclchapter.com

27. एक अर्थव्यवस्था के निम्न समंकों का प्रयोग करके बाजार कीमत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP MP)की गणना मूल्य वृद्धि विधि द्वारा कीजिए । 5

| | मदें | रु0 करोड़ |
|---|---|---|
| (i) | उत्पादन की बिक्री | 50,000 |
| (ii) | स्टाक में वृद्धि | 5,000 |
| (iii) | मध्यवर्ती लागतें | 10,000 |
| (iv) | स्थायी पूँजी का उपभोग | 9,000 |
| (v) | आर्थिक सहायता | 500 |
| (vi) | उत्पादन कर का भुगतान | 732 |

अथवा

देश की राष्ट्रीय आय गणना करने की किन्हीं दो विधियों का वर्णन कीजिए।

28. निम्न केस स्टडी को ध्यान पूर्वक पढ़कर निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5

औद्योगिक क्रान्ति के साथ 18 वीं शताब्दी में इंग्लैण्ड (यूरोप) में व्यापार, वाणिज्य तथा विनिर्माण उद्योग में तेजी से विकास की शुरुआत हुई । इसी अवस्था में राज्य के कार्यों को भी पुनः परिभाषित करने की आवश्यकता महसूस हुई और तब राजनैतिक अर्थव्यवस्था का उदय हुआ और धन को तात्कालिक समस्याओं के समाधान में एक संस्था के रुप में पहचान मिली। तब एडम स्मिथ (अर्थशास्त्र के जनक) ने अपनी पुस्तक 'वेल्थ ऑफ नेशन्स' (1776) में अर्थशास्त्र को 'धन का विज्ञान' के रुप में परिभाषित किया।

(i) अर्थशास्त्र को धन का विज्ञान किसने कहा है ?

(ii) औद्योगिक क्रान्ति का सूत्रपात किस देश में हुआ ?

(iii) कौन सी पुस्तक सन् 1776 में प्रकाशित हुई ?

(iv) इंग्लैण्ड किस महाद्वीप में स्थित है ?

(v) अर्थशास्त्र का जनक किसे कहा जाता है ?

Downloaded from cclchapter.com